OCTOBER 2026 • 8 PAGES • VOL 1 • ISSUE 1 Follow us @jugnooforkids • Contact us jugnooforkids@gmail.com • www.jugnooforkids.in

जुगनू

Children | Climate | Tabloid



Indian-Origin Astronaut Anil Menon 'Cooks' Fresh Meal in Orbit



03



बायस्कोप
बस्तर के जंगलों की अनोखी दिवाली!
P4-5



HEALTH EXPRESS
FESTIVE FLAVOURS
P7

PROJECT LEAD & PUBLISHER: Dr SHALINI SHARMA

FOUNDING EDITOR: NIDHI JAMWAL

WRITER: KHILA BISHT

DESIGNER: EMKAY



OPEN AI

JUGNOO'S BIG MYSTERY | जुगनू की खोज

FLOWERS, FORESTS & FESTIVAL FUN

Discover India's Traditional Nature-Friendly Dussehra Celebrations

AS YOU GET ready to watch giant effigies of Ravan, Kumbhkaran and Meghnad light up the sky on Dussehra evening, here's a Jugnoo secret for you! Did you know that our ancestors celebrated Dussehra in a magical, nature-loving way? Across India, communities have spent generations honouring Mother Earth during this festival.

MAHARASHTRA'S GREEN GOLD

In Maharashtra, Dussehra has a special connection with nature, especially trees. One such tradition is the worship of the Apta tree (*Bauhinia racemosa*). On Dussehra, Maharashtrians exchange Apta leaves, which are locally known as *sona* (gold). They are considered to bring good luck and prosperity. As people hand over the heart-shaped green leaves to friends and relatives, they say: "*Sona ghya, sona sarkha raha!*"—which in Marathi means "Take this gold, and shine like gold!"



Bastar Dussehra celebration in Jagdalpur.
WIKIMEDIA COMMONS

There are several legends behind this exchange of Apta leaves. It is believed that a long time ago, a student named Kautsa needed gold coins for his teacher, so Lord Kuber showered millions of golden coins down from an Apta tree! Another legend has it that victorious Maratha warriors would return from wars bearing gold, offer it to Gods and distribute it among family members. This Dussehra custom is an ode to that memory. On this festival, farmers in Maharashtra polish and pray to their agricultural tools to thank the soil and Mother Earth.

Traditional significance apart, Apta leaves also have medicinal properties. In Ayurvedic traditions, Apta leaves are used to soothe coughs and headaches. Further, the strong roots of Apta tree lock the soil in place, preventing erosion and saving vital groundwater.

» CONTINUED ON PAGE 2

बस्तर का अनोखा दशहरा

क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसी जगह भी है जहाँ दशहरा 1 या 10 दिन नहीं, बल्कि पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है? छत्तीसगढ़ का 'बस्तर दशहरा' दुनिया का सबसे लंबा चलने वाला त्यौहार है! यहाँ रावण का पुतला नहीं जलाया जाता, बल्कि माँ दंतेश्वरी और प्रकृति की पूजा होती है।

आइए देखें इन 75 दिनों में क्या-क्या खास होता है:

पाटा जात्रा (लकड़ी की पूजा): त्यौहार की शुरुआत जंगल से लाई गई लकड़ी की एक बड़ी लट्ठ की पूजा से होती है। इसी लकड़ी से भगवान का एक बहुत बड़ा रथ बनाया जाता है।

डेरी गढाई और काछन गादी: पवित्र कलश स्थापित किया जाता है। फिर एक छोटी बच्ची देवी माँ का रूप धारण करके सभी को आशीर्वाद देती है, जिसके बाद भव्य रथ यात्रा शुरू होती है।

निशा जात्रा: रात के अंधेरे में, टिमटिमाते तारों के नीचे एक रहस्यमयी और सुंदर पूजा होती है।

मुरिया दरबार: यहाँ गाँव के आदिवासी बड़े-बुजुर्ग एक साथ बैठकर यह तय करते हैं कि अपने जंगलों की रक्षा कैसे करनी है और लोगों का ख्याल कैसे रखना है।


ओहाड़ी (प्यारी विदाई): ढाई महीने के नाच-गाने, दावतों और ढेर सारी मस्ती के बाद, ओहाड़ी की रस्म होती है। इसमें देवी-देवताओं को बड़े प्यार और आदर के साथ वापस जंगल के लिए विदा किया जाता है।

बस्तर का यह दशहरा हमें सिखाता है कि पेड़-पौधों, जंगलों और एक-दूसरे से प्यार करना कितना ज़रूरी है!

समुद्र के ऑक्सीजन जादूगर!

क्या तुम जानते हो कि पानी के अंदर एक सीक्रेट टीम छुपी है, जो ऑक्सीजन बनाने में हमारे ज़मीन वाले बड़े-बड़े पेड़ों को भी पीछे छोड़ देती है? जहाँ हमारे हरे-भरे पेड़ दोस्त हमें ढेर सारी ताज़ा हवा देते हैं, वहीं पृथ्वी की आधी से भी ज़्यादा ऑक्सीजन असल में गहरे समुद्र के अंदर बनती है!

कौन बनता है यह ऑक्सीजन? समुद्र की लहरों के नीचे तैरते रहते हैं एकदम नन्हे-मुन्ने पौधों जैसे प्यारे जीव जिन्हें फाइटोप्लैंकटन (Phytoplankton) कहते हैं। ये इतने छोटे-छोटे होते हैं कि तुम इन्हें बिना माइक्रोस्कोप के देख भी नहीं सकते! लेकिन ये नन्हे जादूगर पृथ्वी के सबसे बड़े ऑक्सीजन सुपरहीरो हैं!



सुपर-ट्री मिशन!

अपने घर या आस-पड़ोस के सबसे बड़े-बुज़ुर्ग से—जैसे अपने दादा-दादी, नाना-नानी या किसी पड़ोसी से—पूछो: "हमारे इलाके का सबसे पुराना पेड़ कहाँ है?"

जैसे ही तुम्हें लोकेशन मिल जाए, बस फिर क्या... अपनी जासूसी टोपी पहनो और निकल पड़ो उस पुराने विशाल पेड़ से मिलने! पहले तो उस पेड़ का नाम जानो! फिर उस बड़े से पेड़ के तने को अपने दोनों हाथों से पकड़कर नापने की कोशिश करो! क्या पेड़ इतना बड़ा है कि अकेले हाथ नहीं पहुँच रहे? तो फिर अपने दोस्तों को बुलाओ! सब एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एक बड़ा सा गोला बनाओ और देखो कि उस पुराने पेड़ को प्यार की झप्पी देने में कितने बच्चे लगते हैं!

India's Native Oxygen **Champions**


Meet the five leafy giants which are our natural pollution control system!

WHILE ALMOST ALL trees give us oxygen to breathe, some are true superheroes who churn out loads and loads of O_2! These green superheroes act like giant vacuum cleaners and trap floating dust on their leaves and bark, and sweep the smog right out of our sky! Here, meet India's 5 oxygen superstars that keep our air fresh, clean, and cool every single day.



PEEPAL *aka* FICUS RELIGIOSA

The peepal is considered a sacred tree in India. It has several local names, like *pippali, bodhi, ashwatha, arali*... An adult peepal tree produces 140-260 litres of oxygen per day during the photosynthesis process! Its bark, leaves, and roots are used to treat several diseases.



BANYAN *aka* FICUS BENGHALENSIS

As India's national tree, a single banyan can grow as big as a whole playground! Its hanging roots reach down to the soil and turn into strong wooden trunks, turning one single tree into a whole mini-forest! You will often find sacred threads tied around a banyan tree (commonly known as vata, वट).

IMAGES: OPEN AI



NEEM *aka* AZADIRACHTA INDICA

The neem tree not only gives us oxygen but is also a Green Doctor! Bugs hate it! Neem leaves contain a natural chemical called azadirachtin that scares away pesky mosquitoes and insects.

TREE TASK: Grab a friend, put on your explorer hat, and go searching for these 5 awesome trees in your neighbourhood—snap a selfie with each one and send them over, because your photo just might shine on the pages of JUGNOO!



JAMUN *aka* SYZYGIUM CUMINI

Besides giving a lot of oxygen, this tree yields healthy and delicious fruits. It makes local biodiversity better by welcoming birds and bees. Eat a handful of delicious jamun berries and look in the mirror—your whole tongue will turn bright purple!



ARJUNA *aka* TERMINALIA ARJUNA

Arjuna trees love growing along rivers! They release huge bursts of clean oxygen while their powerful roots grip the muddy banks tightly so heavy monsoon rains don't wash the soil away.



चिड़िया चाची

अनील बिष्ट



PAVAN PRASAD/PIXABAY

बच्चों, क्या तुम्हें पता है कि पक्षियों की दुनिया में भी छुपा-छुपी का खेल चलता है? कुछ चिड़ियाँ तो इतनी शर्मीली होती हैं कि पत्तों के पीछे छुपकर बैठती हैं, और कौए भैया इतने आम हैं कि हम उन्हें देखकर भी 'अरे, ये तो रोज़ काव-काव करते है' कहकर आगे बढ़ जाते हैं!

लेकिन ज़रा ठहरो और अपनी जासूसी नज़रें घुमाओ! खुले मैदानों, बिजली के खंभों या सूखे पेड़ों पर एक सुपरहीरो बैठा रहता है—नीलकंठ (Indian Roller)!

बैठे-बैठे तो यह एकदम सीधा-साधा पक्षी लगता है, लेकिन जैसे ही यह किसी कीड़े को दबोचने के लिए हवा में गोता लगाता है, तो उसकी सुंदरता देख बस मुँह से निकलता है... 'वाह भाई वाह!' इसके पंखों में गहरे नीले और चमकीले फिरोज़ी रंग की ऐसी पट्टियाँ चमकती हैं, मानो आसमान में कोई जादुई सतरंगी पतंग उड़ रही हो!

यह सिर्फ दिखने में ही शानदार नहीं है, बल्कि हमारे किसान बहन-भाइयों का सच्चा दोस्त भी है। फसलों को चट करने वाले बुरे कीड़ों को यह पलक झपकते ही खा जाता है। इसीलिए पुराने ज़माने से ही लोग इसे देखकर मुस्कुराते हैं और शुभ शगुन मानते हैं।

कहानी तो यह भी है कि दशहरे के दिन राम ने रावण से युद्ध जीतने से ठीक पहले इसी नीलकंठ को देखा था। इसीलिए इसे जीत और खुशहाली का प्रतीक भी माना जाता है!

बूझो तो जानें: भूरे शरीर और चमकीले नीले पंखों वाली एक और सुंदर चिड़िया हमारे आसपास घूमती है। क्या तुमने कभी उसे देखा है? उसका नाम पता है? सोचो और हमें लिखकर भेजो, अगले महीने उसी नीले जादूगर का राज़ खोलेंगे!

FROM THE FRONT PAGE

FLOWERS, FORESTS & **FESTIVAL FUN**

TELANGANA'S FLOWER FESTIVAL

Bathukamma is a vibrant floral festival celebrated by women in Telangana during Navratri, which culminates in Saddula Bathukamma just two days before Dussehra. Bathukamma means Goddess of Life and is a unique part of Dussehra (Dasara) festivities in Telangana.

On this day, women gather wild, seasonal flowers like bright yellow *Tangedu*, fluffy pink *Gunugu*, and fragrant *Chamanti*. Together, families stack these flowers on a special pot creating a stunning floral tower and fill the pot with offerings to the goddess Parvati.

When evening falls, the magic truly begins! Women and young girls dress in their sparkliest, most colourful traditional clothes. Carrying their heavy floral masterpieces, they gather at village squares. They place their Bathukammas in the centre, form giant circles, and dance around them, clapping in rhythm. They sing cheerful folk songs passed down through generations—telling tales of ancient legends, brave history, and community spirit. Later, the pot is immersed in a local pond.

How do you and your family celebrate Dussehra, and what fun traditions do you share? Chat with your classmates to discover other unique ways this festival is celebrated all across India!



OPEN AI



X/@ASTRO_ANIL

SPACE GARDENERS!

Indian-Origin Astronaut Anil Menon 'Cooks' Fresh Meal in Orbit

IMAGINE FLOATING hundreds of kilometres above Earth, reaching out to pluck fresh, crunchy leaves, and taking a bite that tastes just like home! It sounds like a magic trick, but Indian-origin NASA astronaut Anil Menon and his crewmate Jessica Meir recently turned into space farmers aboard the International Space Station (ISS)!

After spending a month carefully tending to a mini orbital garden using NASA's "Veggie" plant growth system, the two astronauts harvested fresh green kale and spicy wasabi mustard greens. They tossed the leaves with a dash of oil and vinegar to create a mini feast. Holding a leaf, Meir smiled and said it "smells like Earth".

WHY GROWING FOOD IN SPACE IS TRICKY

On Earth, plants are smart. Roots naturally grow downwards because of gravity, while stems shoot upwards towards sunlight. But in space, microgravity (zero gravity) throws a cosmic curveball!





Astronaut Anil Menon and his crewmate Jessica Meir recently turned into space farmers aboard the International Space Station.

WHERE DO ROOTS GO? Without gravity pulling them down, roots get confused and float in every direction.

WATER FLOATS AWAY! Water doesn't stay in the soil; it forms floating bubbles that can drown plant roots or drift away.

NO NATURAL SUNLIGHT: Astronauts must use pink and blue LED lights to mimic the sun so plants can photosynthesise.

WHY SPACE FARMING MATTERS

Why go through all this trouble when astronauts can just pack canned meals?

LONG JOURNEYS NEED FRESH VITAMINS: Packaged food loses its nutrition and vitamins over time. For future multi-year voyages to the Moon and Mars, space travellers must farm their own fresh food to stay healthy.

A BOOST FOR MORALE: Eating crunchy, fresh greens gives astronauts a delicious taste of home and keeps their spirits high during long, lonely missions far from Earth. These greens are good for their psychological well-being as well.

All you know, future astronauts might soon be enjoying full farm-to-table meals on Mars! Would you like to join them?

स्कर्वी से लेकर स्पेस सलाद तक!

सैकड़ों साल पहले की बात है! बड़े-बड़े समुद्री जहाजों पर जब जांबाज़ नाविक महीनों लंबी यात्राओं पर निकलते थे, तो अचानक उनके दांत टूटने लगते थे, शरीर पिलपिला हो जाता था और 'स्कर्वी' नाम की एक अजीब सी बीमारी उन्हें घेर लेती थी। और जानते हो इसकी वजह क्या थी? सिर्फ इतनी सी कि उन्हें ताज़े नींबू या संतरे नहीं मिलते थे, जिससे उनके शरीर में विटामिन C की भारी कमी हो जाती थी!

हमारे शरीर को फिट रहने के लिए ताज़े विटामिन्स की तगड़ी खुराक चाहिए होती है—और आज स्पेस में उड़ रहे हमारे एस्ट्रोनॉट्स यानि अन्तरिक्ष यात्री भी बिल्कुल इसी परेशानी में फंसे हैं! आप जानते हैं कि स्पेस स्टेशन (ISS) पर रहने वाले हमारे अंतरिक्ष यात्रियों के लिए पृथ्वी से स्पेशल डिलीवरी रॉकेट आते हैं, जो चटपटे, सुखाए हुए पैकेट वाले खानों से उनकी रसोई भर जाते हैं। लेकिन ज़रा सोचो, जब हमारे ये स्पेस हीरो मंगल ग्रह की लंबी सैर पर निकलेंगे—जिसमें सालों-साल लगने वाले हैं—तब तो उनके पीछे-पीछे कोई डिलीवरी रॉकेट नहीं आ पाएगा!

पिछले कई सालों से नासा (NASA) के वैज्ञानिक स्पेस यान के अंदर ही छोटे-छोटे हाई-टेक इनडोर बगीचे बना रहे हैं। वहां गुलाबी जादुई लाइटों के नीचे हरी-भरी सब्ज़ियाँ उगाई जा रही हैं! अगर तुम स्पेस स्टेशन पर एक एस्ट्रोनॉट होते, तो अपने लिए कौन सी मज़ेदार सब्ज़ी उगाना चाहते और क्यों?

नासा का 'वेजी'

सोचो जरा! एक छोटा सा, अटैची के साइज का बगीचा स्पेस में तैर रहा है और उसमें से प्यारी सी गुलाबी जादुई रोशनी छनकर आ रही है! यह है 'वेजी' (VEGGIE), यानी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर बना नासा का नन्हा-सा तैरता हुआ पॉलीहाउस।

'वेजी' में पौधे मिट्टी और खाद से भरे छोटे-छोटे मुलायम 'तकियों' में आराम से सोते हैं। और हाँ, जब स्पेस में ऊपर-नीचे का पता ही नहीं चलता, तो पौधों को कैसे मालूम कि किस तरफ उगना है? इसके लिए वह चमकीली गुलाबी और बैंगनी LED लाइटों का पीछा करते हैं! यह लाल और नीली लाइटों का एक ऐसा सीक्रेट मिक्सचर होता है, जिसे पौधे पेट भरकर खाना पसंद करते हैं!

अभी तक हमारे एस्ट्रोनॉट-किसानों ने कुरकुरी लेट्यूस, हरी-भरी केल की पत्तियाँ और यहाँ तक कि चटख संतरी रंग के ज़िनिया के फूल भी उगा लिए हैं! और सबसे मज़ेदार बात जानते हो क्या है? वैज्ञानिकों ने जब इन उगी हुई सब्ज़ियों की जाँच की, तो पाया कि इनमें ज़रा भी कीटाणु नहीं थे—ये खाने में एकदम सेफ़, साफ़-सुथरी और सुपर-टेस्टी थीं!



IMAGES: OPEN AI

EARTH-FRIENDLY DIWALI

INDIA'S GREEN TRADITIONS!

Discover how vibrant communities across India celebrate an eco-friendly Diwali by honouring Mother Nature with natural colours, traditional songs, and deep respect for all living creatures!

DID YOU KNOW that Diwali is not just about twinkling fairy lights and sweet *laddus*? Right across India, communities celebrate this festive season by offering gratitude to Mother Nature! Instead of noisy, smoky firecrackers, they use clay, fragrant flowers, fresh crops, and pure love to mark the festival. From eco-friendly wall art to honouring wildlife, these ancient traditions remind us that Diwali is truly about sharing light, warmth, and joy with every living creature around us.

Let us take a fascinating journey into different states of India to see how people celebrate the festival in their own unique way!

दियारी तिहार: बस्त



Maharashtra's Warli Diwali: Vaghaya and Wild Fruit Lamps!

FOR MAHARASHTRA'S Warli tribe, Diwali is a heartwarming, eco-friendly celebration powered completely by nature. The Warli community welcomes the festival by honouring their forest gods and surrounding wilderness. Waghbarsi, Barki Tiwli, Mothi Tiwli and Balipratipada are the four important days of Diwali for the community.

The Warlis regard the tiger (whom they call Vaghaya) as a god, and on Waghbarsi, they pray to the tiger. On the day of Barki Tiwli ('small lamp'), they create homemade lamps. Women gather *chiroti*—a small, bitter wild fruit from the cucumber family found deep in the woods. They carefully scoop out the inside to create tiny fruit bowls. To hold these lamps, villagers mix cow dung and clay to make round holders called *bowalas*, which are attached high up on the walls and decorated with bright marigold flowers. When lit, these flickering fruit lamps illuminate entire homes and cattle sheds!

On both Barki and Mothi Tiwli ('big lamp'), lamps adorn the front walls of the houses in the Warli hamlets. On Balipratipada, everyone's front yards are coated in a thin layer of cow dung and the cattle sheds are cleaned. All the livestock are decorated and worshipped. On this day, the Warlis also pray to Vaghaya, the powerful Tiger God who guards their forest, along with Hirva, the god of green plants, and Kansari, the goddess of grains.

Source: People's Archive of Rural India

र के जंगलों की अनोखी दिवाली!



क्या आप जानते हैं कि छत्तीसगढ़ के बस्तर में हमारे आदिवासी दोस्त दिवाली को एक अलग ही अंदाज़ में मनाते हैं? इसे कहते हैं 'दियारी तिहार'! यह त्योहार सिर्फ रोशनी का नहीं, बल्कि खेतों की नई फसल और प्यारे पशु-पक्षियों के प्रति प्यार और शुक्रिया जताने का है।

दीवाली के आते ही बस्तर के गाँव-गाँव में ढोल-मांदर की गूंज सुनाई देने लगती है। दियारी तिहार की सबसे प्यारी बात यह है कि इसमें मवेशियों—गाय, बैल और भैंसों को बिल्कुल राजा-रानी की तरह सजाया जाता है।

पहला दिन: मवेशियों का दुलार और सजावट: सुबह-सुबह गाँव वाले अपने गाय, बैल और भैंसों को पास की नदी या तालाब में ले जाकर प्यार से नहलाते हैं। फिर उनके सींगों पर तेल लगाया जाता है और माथे पर तिलक रचाया जाता है। गले में मोरपंख और रंग-बिरंगे पलाश के फूलों की मालाएँ पहनाई जाती हैं।

दूसरा दिन: खास कंद-खिचड़ी का भोग: इस दिन मवेशियों के लिए मिट्टी की नई मटकियों में पाँच तरह के स्वादिष्ट कंद और चावल की खिचड़ी पकाई जाती है। सबसे मज़े की बात? जब तक हमारे बेजुबान साथी पेट भरकर यह दावत नहीं खा लेते, तब तक घर का कोई भी इंसान खाना नहीं खाता!

तीसरा दिन: अल्पना और ढोल-मांदर की थाप: घर की महिलाएँ दरवाजों और आंगनों में चावल के आटे के घोल से गाय-बैलों के पैरों के सुंदर निशान बनाती हैं। रात को गोबर से बने दीयों की रोशनी में पूरा गाँव ढोल-मांदर की थाप पर थिरकता है।

बस्तर का यह दियारी तिहार हमें सिखाता है कि असली खुशी अपने जानवरों और प्रकृति का ख्याल रखने में ही छुपी है!



उत्तराखंड की अनोखी 'जौनसारी दियाई'!

क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसी जगह भी है जहाँ बाकी देश के पूरे एक महीने बाद दिवाली मनाई जाती है? उत्तराखंड के खूबसूरत पहाड़ों में 'जौनसार-बावर' इलाके के लोग इस त्योहार को 'दियाई' कहते हैं। यह दो दिनों का एक बहुत ही प्यारा त्योहार होता है जो अमावस्या की रात को मनाया जाता है।

पहली रात - देवदार की मशालें और नाच-गाना: दियाई की पहली रात को गाँव वाले रात भर जागकर अपने भगवान की पूजा करते हैं। वे देवदार की लकड़ी की पतली-पतली छड़ियों को बांधकर 'वियाती' (एक तरह की प्राकृतिक मशाल) बनाते हैं और उन्हें जलाकर चारों तरफ रोशनी फैलाते हैं। फिर सब मिलकर बहुत सारे पारंपरिक गीत गाते हैं और खुशी से नाचते हैं!

अगली सुबह - चाय, चिउड़ा और अखरोट का प्रसाद: अगली सुबह, हर परिवार से एक-दो लोग गाँव के बाकी घरों में जाकर गरमा-गरम चाय और 'चिउड़ा' (पोहा) का मज़ा लेते हैं। इसके बाद, सभी परिवार मंदिर में प्रसाद के रूप में ढेर सारे अखरोट ले जाते हैं। शाम को जब गाँव के सारे लोग मंदिर में इकट्ठा होते हैं, तो पुजारी जी वही अखरोट सब बच्चों और बड़ों में बांट देते हैं।

यह अनोखी जौनसारी दियाई चावल और 'मंडुआ' (एक तरह का सेहतमंद पहाड़ी अनाज) की अच्छी फसल की खुशी में मनाई जाती है। फसल कटने के बाद, गाँव वाले अपने पूरे खेतों को मिट्टी के दीयों से जगमगा देते हैं!

Tihar Festival in Northeast India

TIHAR IS a vibrant five-day festival of lights celebrated as a regional variant of Diwali in northeast India and neighbouring hill regions by the Gorkha and Nepali communities.

Each day of Tihar brings a special visitor to honour:

DAY 1 KAAG TIHAR: The celebration begins with crows! People place delicious grains, seeds, and sweets on their rooftops because a crow is seen as a symbol of sadness and grief that brings bad news to a family. A family can avoid sadness by feeding sweets to crows.

DAY 2 KUKUR TIHAR: This is every pup's favourite day!



Dogs—from playful stray pups to pet dogs—are treated like royalty. People place colourful marigold garlands around their necks, put a red *tikka* on their foreheads, and spoil them with tasty meat and treats to thank them for their loyalty.

DAY 3 GAI TIHAR: Cows, buffaloes, and bulls are worshiped with garlands, "*panchadeep*", *tikka*, vegetables, and sacred threads. As the night sets in, earthen lamps, candles and lights engulf the entire rooftops of Northeast India. Laxmi Puja is also performed on this day by a large number of families.

DAY 4 & 5 GOVARDHAN PUJA & BHAI TIKKA: The last two days of Tihar celebrations are dedicated to Govardhan Puja and Bhai Tikka when brothers and sisters come together.

ओडिशा की 'कौरिया काठी'

ओडिशा में दिवाली के पावन मौके पर आदिवासी लोग 'कौरिया काठी' नाम की एक बहुत ही खास परंपरा निभाते हैं। यह एक ऐसा रिवाज़ है, जिसमें लोग अपने प्यारे पूर्वजों को याद करते हैं और उनकी पूजा करते हैं। इस दिन गाँव के लोग जूट (पटसन) की सूखी लकड़ियों के बंडल बनाते हैं। शाम को इन लकड़ियों को जलाकर ऊपर आसमान की तरफ दिखाते हैं और अपने पूर्वजों को राह दिखाते हुए प्यार से घर बुलाते हैं, ताकि उनका आशीर्वाद हमेशा पूरे परिवार और बच्चों पर बना रहे!



Jharkhand's Sohrai Porab: Cattle is King



WHILE DIWALI lights up cities with twinkling lamps, the Santhal tribal community in Jharkhand celebrates a five-day grand festival called Sohrai Porab right after Kartik Amavasya (Diwali). While Diwali marks Lord Rama's return home, Sohrai celebrates a very special homecoming—the return of cattle to their villages after months of hard work!

To the Santhals, cows and bulls are not just farm animals—they are cherished family members with unique names! Legend has it that when humans once mistreated cattle, the Gods drove the animals away into deep forests. Farming ground to a stop, so villagers promised to honour their cattle forever.

During Sohrai, the animals enjoy a complete royal pampering. Women sweep their mud houses clean and paint stunning Sohrai art on the walls using natural clay, red soil, and rice flour paste—decorating their homes with birds, flowers, and cattle motifs. Cattle are gently bathed, their horns are polished with oil and decorated with paddy crowns, and their foreheads are adorned with bright vermilion. Glowing diyas light up the cowsheds at night, and the animals are treated to special meals before anyone else eats!

Across the five days, villagers sing traditional songs to the beat of *mandar* drums. On the very last day, the village gathers to make sure no one has been unkind to any animals all year long! Sohrai shows us that true celebration means loving and respecting the gentle creatures who help feed our world.

Festive Flavours

Uncover the tasty secrets behind India's favourite festival treats

EVER WONDERED why we gobble up crunchy *ghevar* during the rainy season, or munch on warm, nutty *laddoos* when winter arrives? It's not just a tasty coincidence!

In India, our festivals are like big, happy "thank you" parties for Mother Nature. Long ago, our grandparents noticed that different crops and spices grow in different seasons. So, they created yummy festival recipes using whatever was fresh, healthy, and growing right outside their doors. For example, eating sesame and jaggery in the chilly winters keeps us warm like a cozy blanket, while light seasonal treats—*chaas, sattu*—keep us cool and energetic in the summer!

When Dussehra and Diwali roll around, kitchens all over India turn into magical flavour factories. Families in western India make crunchy *chaklis*, while homes in south India get busy making creamy *payasam*. Buying readymade sweets from a shop is easy, but nothing beats the super-fun chaos of cooking at home! Rolling dough together, smelling sweet spices filling the air, and sharing homemade treats with your neighbours is how we turn food into pure love and make super-strong friendships!

This festive season, it's time to become a Jugnoo Chef! Put on your aprons and try out our easy-peasy traditional recipes with your family. Gather your elder siblings, call your mom, and make sure to drag your dad into the kitchen too!



IMAGES: OPEN AI

महुआ और ज्वार की जादुई रोटी

जंगल के मीठे-मीठे महुआ फूलों से बनी रोटी कभी खाई है? चलो बनाते हैं सेहत और स्वाद से भरपूर एक दम देसी सुपर-फ़ूड!



हमें चाहिए

- 1 कटोरी ज्वार का आटा
- 2 बड़े चम्मच सूखे महुआ के फूल
- 1 कटोरी हल्का गरम पानी
- चुटकी भर नमक

बनाने का आसान तरीका

1. सबसे पहले महुआ के फूलों को गुनगुने पानी में थोड़ी देर तैरने दो, जब तक वे एकदम मुलायम न हो जाएँ।
2. अब अपने साफ़-सुथरे हाथों से उन फूलों को अच्छे से मसल लो!
3. एक बर्तन में ज्वार का आटा, चुटकी भर नमक और मसले हुए महुआ फूलों को मिलाओ। ज़रूरत पड़े तो थोड़ा पानी डालकर अच्छे से गूँथ लो और एक बढ़िया नर्म आटा तैयार कर लो।
4. आटे की छोटी-छोटी लोई बनाओ और अपने हाथों की मदद से चपटी-चपटी रोटियाँ तैयार करो।
5. अब किसी बड़े (मम्मी, पापा या दीदी) को बुलाओ और उनसे कहो कि वे तवा गरम करके इन रोटियों को दोनों तरफ़ से अच्छे से सेक दें। (आग के पास बड़ों का होना ज़रूरी है!)

गरमा-गरम रोटी पर थोड़ा सा देसी घी लगाओ और इसे दही, अपनी फेवरेट चटनी या सब्ज़ी के साथ मज़े से खाओ और महुआ के फूलों के गुण गाओ!

मीठे-मीठे तिल के लड्डू

क्या तुम्हें पता है कि तिल के छोटे-छोटे दाने जब गुड़ के साथ मिलते हैं, तो रसोई में मिठास का जादू होता है? चलो मिलकर बनाते हैं एकदम सुपर-हेल्दी और स्वादिष्ट तिल के लड्डू!



हमें चाहिए

- 1 कटोरी सफ़ेद या काले तिल
- 1 कटोरी कद्दूकस किया हुआ गुड़ (या गुड़ का पाउडर)
- 2 बड़े चम्मच पानी
- ½ बड़ा चम्मच देसी घी

बनाने का मज़ेदार तरीका

1. सबसे पहले अपने किसी बड़े (मम्मी, पापा या दीदी) को रसोई में बुलाओ! कढ़ाई में तिल डालो और धीमी आँच पर धीरे-धीरे चलाते हुए भूनो। जब तिल कढ़ाई में पॉप-पॉप करके छलांग लगाने लगें, तो समझो वे भुन गए! अब इन्हें एक प्लेट में निकाल लो।
2. अब उसी कढ़ाई में गुड़, पानी और घी डालो। इसे 2-3 मिनट तक तब तक पकाओ, जब तक गुड़ पिघलकर एकदम रसीला न हो जाए।
3. अब भुने हुए तिल को पिघले हुए गुड़ में डालो और अच्छे से मिलाओ, ताकि सारे तिल गुड़ में लिपट जाएँ!
4. कढ़ाई को गैस से उतारकर मिक्सचर को थोड़ा सा ठंडा होने दो। ध्यान रहे—मिक्सचर हल्का गरम होना चाहिए, एकदम गर्म नहीं! अब अपने हाथों से इसके प्यारे-प्यारे गोल-गोल लड्डू बनाओ। छोटे बनाओ या बड़े, तुम्हारी मर्ज़ी!

लो जी, हो गए जादुई तिल के लड्डू तैयार! खुद भी खाओ और सबको खिलाओ!

JUNGLE FEAST!

DID YOU know that in Chhattisgarh, the forest is actually a secret giant supermarket packed with wild delicacies like *dengur futu* (super-cool wild mushrooms), sweet *pithe* slathered in yummy *mahua* (*Madhuca* longifolia) jam, and crunchy *basta sabzi* made from young bamboo shoots!



Have you ever gobbled up any of these wild Chhattisgarh goodies? If not, run to your grandmoms right now and ask them to share their secret stories (and recipes) of these delicious forest treats! Write down their yummiest recipes, and send them over to us—we might just feature your grandmom's magical recipe in JUGNOO!

महुआ की खाँसी की दवा

जब भी हल्की-हल्की खाँसी परेशान करे, तो कड़वी दवाइयों की जगह कुदरत के इस मीठे जादू को आज़माओ!

हमें चाहिए

- 4 से 5 सूखे महुआ के फूल
- 1 ½ कप पानी

बनाने का आसान तरीका

1. सबसे पहले महुआ के साफ़-सुथरे फूलों को पानी में डालो। अब अपने किसी बड़े (मम्मी, पापा या दादी) की मदद से इसे धीमी आँच पर पकने दो।
2. इसे तब तक उबलने दो, जब तक पानी गाढ़ा होकर एकदम मीठा सिरप न बन जाए!
3. अब गैस बंद करके इसे अच्छे से ठंडा होने दो।

ठंडा होने के बाद दिन में दो बार एक छोटा चम्मच पियो। और हाँ, अगर घर में 5 साल से छोटे छोटे-मोटे भाई-बहन हैं, तो उन्हें सिर्फ़ आधा चम्मच ही देना!

(यह नुस्खा केवल सामान्य जानकारी के लिए है; इस्तेमाल से पहले डॉक्टर की सलाह ज़रूर लें।)



BITTU TABAHI
THE SECRET RIVER HERO

IMAGINE SNEAKING out of your house on a secret superhero mission. You tell your parents you're heading off to play cricket with your squad, but instead of a bat and ball, you carefully hide rubber boots, heavy gloves, and a trash rake in your bag!

That's the true story of 21-year-old college student Surendra Singh Chaudhary—famously known by his online nickname 'Bittu Tabahi'—from Biaora in Rajgarh district of Madhya Pradesh.

It all began on Republic Day this year. Feeling patriotic, Bittu decided he wanted to do something big for India. He didn't have to look far. The local Ajnar River in his town was in a tragic state. Once a lively waterway, it had turned into a smelly drain choking on plastic bags, thick green algae, and mounds of garbage. Fish were dying in the murky water, and locals just pinched their noses and walked past. But Bittu saw a challenge. He decided he was going to bring this dead river back to life!

Working completely alone at first, Bittu plunged into the muck day after day. Nothing could shatter his determination—not freezing winter mornings when the water felt like a bucket of ice cubes, nor scorching summer heatwaves hitting a roasting 43°C. Even when careless people kept throwing fresh waste into the river or broke the dustbin he set up, Bittu refused to quit.

To keep his family from worrying, Bittu kept the mission a secret, using his cricket practice as a cover story. But soon, his crusade caught fire! Inspired by his unstoppable drive, his friends joined in. Realising how serious these young heroes were, the local municipal corporation stepped in with massive JCB diggers to scoop out tons of heavy sludge. Together, they cleared the waste, and clean water flowed freely once again!

Saving the Ajnar was a massive win for nature. Because the Ajnar feeds into the Karam River—which flows right into the mighty Narmada River—cleaning this single stream has contributed towards protecting an entire ecosystem. News of Bittu's heroics went global, catching the attention of Boyan Slat, CEO of the international NGO The Ocean Cleanup, who even offered him a dream job!

Bittu proved that you don't need a cape or superpowers to change the world. Look around your own neighbourhood. Is there a park, street, or spot that needs a green hero? Grab your friends and jump in! Just remember to keep your parents in the loop—no cricket cover-ups required!



@BITTU_TABAHI/INSTAGRAM



EMILIO SANCHEZ HERNANDEZ/PEXELS

ISHANVI: THE DOLPHIN DEFENDER!

IN VIRGINIA, USA, a Class 6 student named Ishanvi Sakharpe loved watching dolphins jump through ocean waves. But she learned a sad truth: many dolphins get hurt when they swim too close to sharp boat propellers and large commercial fishing nets.

Ishanvi decided to use science to solve this big problem! She invented a clever system called Dolphin Guard—which is placed on boat hulls, fishing gear, and ocean buoys. The device acts like a high-tech ocean bodyguard.

Dolphins "see" with sound by making clicking noises that bounce off objects like an echo, helping them find fish and swim safely in dark water. Underwater listening sensors of Dolphin Guard pick up the dolphins' natural echolocation clicks. The moment a dolphin swims into a high-risk area, the onboard computer evaluates the threat in real time.

Immediately, the system springs into action! A shipboard warning unit flashes lights and sounds buzzer to alert the boat captain to slow down. At the same time, an underwater acoustic emitter sends out a gentle sound signal. This friendly warning tells the dolphins, "Danger ahead! Swim away safely!"

Thanks to her smart innovation, Ishanvi was named a 2026 Virginia State Merit Winner in the prestigious 3M Young Scientist Challenge! Like Ishanvi, you can use curiosity and science to invent solutions and protect our ocean friends!

गार्गी घोराई: बंगाल की लिटिल ग्रीन सुपरहीरो!

पश्चिम बंगाल के दक्षिण गोपालनगर गाँव में, जो साउथ 24 परगना ज़िले में है, वहाँ आठंवी कक्षा में पढ़ने वाली 14 साल की गार्गी घोराई रहती है। गार्गी ने देखा कि उसके सुंदर गाँव में हर तरफ प्लास्टिक की बोतलें, थर्माकोल की प्लेटें और गंदा कचरा फैला हुआ है।

गार्गी ने अपने गाँव को साफ करने की ठानी! उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर बच्चों की एक खास टीम बनाई, जिसका नाम रखा गया 'सबुज बाहिनी' यानी 'ग्रीन स्कॉउट्स'। स्थानीय संस्थाओं की मदद से अब इस मुहीम में 14 से 18 साल के 300 से भी ज़्यादा बच्चे जुड़ चुके हैं!

इसकी शुरुआत तब हुई जब बच्चों ने कचरा अलग-अलग करना और प्लास्टिक प्रदूषण से निपटना सीखा। अब ये बच्चे हाथों में दस्ताने और बोरे लेकर हर हफ़्ते सफाई अभियान चलाते हैं। वे गाँव का सारा प्लास्टिक उठाकर बाँस और मछली पकड़ने वाले जाल से बने खास कूड़ेदानों में डालते हैं। सफाई के बाद, वे पूरे गाँव में कीटाणुनाशक पाउडर छिड़कते हैं ताकि बीमारियाँ न फैलें।

अब तक इन नन्हे सुपरहीरोज़ ने बाज़ार की गलियों से कचरा हटाया है, गंदे तालाबों को साफ किया है ताकि मछलियाँ सांस ले सकें, ढेरों पेड़ लगाए हैं और गाँव वालों को हाथ धोने व साफ पानी पीने के फायदे भी सिखाए हैं।

गार्गी और उसकी टीम की वजह से आज उनका गाँव एकदम साफ और हरा-भरा हो गया है। आप भी अपने आसपास सफाई रखकर गार्गी की तरह पर्यावरण के सुपरहीरो बन सकते हैं!

स्रोत : डाउन टू अर्थ



DOWN TO EARTH/CRY



Try to find all of the hidden words in the word search puzzle below.

(Words can be spelled forwards, backwards, diagonally, up, or down.)

D	V	F	D	E	S	O	B	A	V	U	Q	Y	G	J
V	R	X	Z	U	G	N	L	Y	U	V	E	C	S	R
P	N	D	O	S	X	T	G	O	O	S	N	G	P	B
U	V	S	P	C	E	C	W	O	U	P	W	E	O	T
S	O	R	A	H	E	D	C	E	L	A	N	U	L	T
E	L	E	O	G	U	A	R	A	O	T	G	A	L	L
Z	Y	C	E	K	Q	L	N	U	R	M	M	Y	U	O
F	J	Y	V	P	L	E	E	S	U	O	F	I	T	F
S	F	C	R	C	T	A	F	T	G	S	W	H	I	W
S	K	L	E	X	S	T	I	A	D	P	C	G	O	V
R	O	E	S	I	P	O	L	T	L	H	I	F	N	E
E	V	R	E	F	O	P	D	I	R	E	L	Z	F	R
L	J	H	R	G	F	E	L	B	O	R	V	E	U	H
J	W	R	P	K	W	D	I	A	W	E	U	B	U	P
Q	V	O	B	W	G	U	W	H	D	T	G	S	P	F

WORD LIST

- ATMOSPHERE
- DEPOT
- FUEL
- HABITAT
- OCEANS
- PLANET
- POLLUTION
- PRESERVE
- RECYCLE
- REUSE
- WILDLIFE
- WORLD

SOURCE: WWW.BIGACTIVITIES.COM

GOLDFISH MAZE


Clean water is important to every living thing. Plants, animals, and humans all need clean water for drinking, bathing, and hundreds of other activities every day—and some creatures, like frogs and fishes, depend on clean water for their homes! The little fish below is particularly grateful for the clean water she lives in! How about you?

HELP THE GOLDFISH FIND ITS WAY THROUGH THE MAZE AND HOME TO THE POND!





SOURCE: KIDS ENVIRONMENT KIDS HEALTH, NATIONAL INSTITUTE OF ENVIRONMENTAL HEALTH SCIENCES



CONNECT THE DOTS

WHAT DID YOU FIND?

Show it to your teacher and friends.



SOURCE: KIDS ENVIRONMENT KIDS HEALTH, NATIONAL INSTITUTE OF ENVIRONMENTAL HEALTH SCIENCES